# पाठ्यक्रम (SYLLABUS) संरचना एवं अंक विभाजन

## वर्ग – दशम

## विषय – हिन्दी 'ए'

समय – 3 घंटे                                                   पूर्णांक – 80

---

## विषय सामग्री

इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड होंगे, जिनका विवरण इस प्रकार है :–

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| खण्ड – क | (i) अपठित गद्यांश (लगभग 150 शब्दों का) | 2x3=6 +1x2=2 | 08 | 15 |
| | (ii) अपठित काव्यांश (लगभग 150 शब्दों का) | 2x2=4 +1x3=3 | 07 | |

---

खण्ड – ख व्यावहारिक व्याकरण                                   15

| | | |
|---|---|---|
| (i) | क्रिया भेद : अकर्मक/सकर्मक 1x3=3 | 03 |
| (ii) | अव्यय 1x4=4 | 04 |
| (iii) | (अ) रचना की दृष्टि से वाक्य भेद 1x2=2<br>(ब) वाच्य 1x2=2 | 04 |
| (iv) | (अ) समास 1x3=3<br>(ब) अनेकार्थी शब्द 1x1=1 | 04 |

---

खण्ड – ग पाठ्य पुस्तकें                                   30

क्षितिज (भाग – 2)

<u>गद्य खण्ड :–</u>

(i) दो में से एक गद्यांश पर अर्थ ग्रहण संबंधी तीन प्रश्न 2+2+1 = 5

(ii) गद्य पाठों पर आधारित विषय वस्तु से संबंधित चार प्रश्न 2x4 = 8

<u>काव्य खण्ड :–</u>

(i) दो में से एक काव्यांश पर अर्थ ग्रहण संबंधी तीन प्रश्न 2+2+1 = 5

(ii) पद्य पाठों पर आधारित विषय वस्तु से संबंधित चार प्रश्न 2x4 = 8

पूरक पुस्तक कृतिका (भाग – 2)

पाठों पर आधारित दो में से एक मूल्य परक निबंधात्मक प्रश्न 04

---

खण्ड – घ रचना लेखन                                   20

(i) निबंध लेखन :– दिए गए संकेत बिंदुओं के आधार पर किसी आधुनिक विषय पर लगभग 200 से 250 शब्दों में एक निंबध 10

**(ii)** पत्र लेखन :– अभिव्यक्ति की क्षमता पर आधारित औपचारिक/अनौपचारिक विषयों में से किसी एक विषय पर पत्र 05

**(iii)** विज्ञापन लेखन :– दिए गए विषय से संबंधित लगभग 50 शब्दों के अन्तर्गत दो में से कोई एक विज्ञापन लेखन 05

| | |
|---|---|
| कुल | 80 |

नोट : निम्नलिखित पाठों से प्रश्न नहीं पूछे जाएँगे।

| | |
|---|---|
| क्षितिज भाग – 2 | पद्य भाग से – कवि देव एवं जयशंकर प्रसाद की कविताएँ। |
| | गद्य भाग से – स्त्री शिक्षा के विरोधी कुतर्कों का खंडन एवं संस्कृति पाठ। |
| कृतिका भाग – 2 | एही ठैयाँ झुलनी हेरानी हो रामा तथा मैं क्यों लिखता हूँ? पाठ। |

सेट – 1 माध्यमिक परीक्षा 2019

वर्ग – दशम

विषय – हिन्दी 'ए'

समय – 3 घंटे पूर्णांक – 80

## सामान्य निर्देश

1) परीक्षार्थी यथासंभव अपनी ही भाषा शैली में उत्तर दें।

2) इस प्रश्न पत्र के चार खण्ड हैं, यथा क, ख, ग एवं घ। चारों खण्डों से सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

3) प्रत्येक प्रश्न के अंक उनके सामने उपांत में अंकित हैं।

4) प्रश्नों के उत्तर प्रश्नों के साथ दिये गए निर्देशों के आलोक में ही लिखें

**खण्ड – क (अपठित गद्यांश 08 + अपठित काव्यांश 07 = 15 अंक)**

1) निम्नलिखित गद्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :–

साहस की जिन्दगी सबसे बड़ी जिन्दगी होती है। ऐसी जिन्दगी की सबसे बड़ी पहचान यह है कि वह बिल्कुल निडर, बिल्कुल बेखौफ होती है। साहसी मनुष्य की पहली पहचान यह है कि वह इस बात की चिन्ता नहीं करता कि तमाशा देखने वाले लोग उसके बारे में क्या सोच रहे हैं? जनमत की उपेक्षा करके जीने वाला आदमी दुनिया की असली ताकत होता है और मनुष्यता को प्रकाश भी उसी आदमी से मिलता है। अड़ोस पड़ोस को देखकर चलना यह साधारण जीव का काम है। क्रान्ति करने वाले लोग अपने उद्देश्य की तुलना न तो पड़ोसी के उद्देश्य से करते हैं और न अपनी चाल को ही पड़ोसी की चाल देखकर मद्धिम बनाते हैं।

साहसी मनुष्य सपने उधार नहीं लेता वह अपने विचारों में रमा हुआ अपनी ही किताब पढ़ता है। झुण्ड में चलना और झुण्ड में चरना, यह भैस और भेड़ का काम है। सिंह तो बिलकुल अकेला होने पर भी मगन रहता है।

अर्नाल्ड बेनेट ने एक जगह लिखा है कि जो आदमी यह महसूस करता है कि किसी महान निश्चय के समय वह साहस से काम नहीं ले सका, जिन्दगी की चुनौती को कबूल नहीं कर सका, वह सुखी नहीं हो सकता।

**प्रश्न** (क) किसे सबसे बड़ी जिन्दगी बताया गया है और उसकी सबसे बड़ी पहचान क्या है? 2

(ख) दुनिया की असली ताकत कौन होता है और मनुष्यता को प्रकाश किससे मिलता है? 2

(ग) अर्नाल्ड बेनेट ने एक जगह क्या लिखा है? 2

(घ) साधारण जीव का क्या काम है? 1

(ङ) साहसी मनुष्य क्या करता है? 1

2) निम्नलिखित काव्यांश को ध्यानपूर्वक पढ़कर उससे पूछे गए प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दिजिए :–

जीवन दीप जले।
जीवन दीप जले ऐसा, सब जग को ज्योति मिले,
जीवन दीप जले।
इसी सत्य पर रामचन्द्र ने राजपाट सब त्याग दिया
छोड अवध माया की नगरी, कानन को प्रस्थान किया
सुख वैभव को लात मारकर, कष्टों का सहवास किया
षट्रस–व्यंजन त्याग जंगली फल खाये सर–नीर पिया,
स्वयं कंटकों को चूमा औरों के कंटक दूर किये,
जन्म सफल है उस मानव का जो परहित ही सदा जिये,
तृषितों को सुरसरि देने जो हिमगिरि सा चुपचाप गले
जीवन दीप जले।।
रसिक शिरोमणि कृष्णचंद्र ने वृंदावन को बिसराया,
छोड़ विलखते ग्वाल–बाल वह निर्मोही भी कहलाया,
किन्तु लोक–कल्याण मार्ग ही केवल उसने अपनाया
वही गोपियों का नटवर फिर योगिराज कहलाया,
गीता की हर पंक्ति–पंक्ति में अर्जुन को वे समझाते,
अति विस्तृत कर्तव्य मार्ग है, हर मानव इस ओरचले
जीवन दीप जले।।

**प्रश्न :–** (क) यहाँ रामचन्द्र के जीवन के बारे में क्या कहा गया है? 2

(ख) कृष्ण ने अर्जुन को क्या संदेश दिया और उन्होंने कौन–सा मार्ग अपनाया? 2

(ग) जीवन को दीप कहने के पीछे क्या आशय है? 1

(घ) कृष्णचंद्र ने वृंदावन को क्यों विसराया? 1

(ड) हर मनुष्य को किस ओर चलने की सलाह दी गयी है? 1

---

**खण्ड – ख (व्यावहारिक व्याकरण : 15 अंक)**

---

प्रश्न 3) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :–

(क) शिक्षक कविता पढ़ा रहे हैं। (क्रिया के भेद का नाम लिखिए) 1

(ख) बच्चे मैदान में खेल रहे हैं। (क्रिया पद छाँटकर लिखिए) 1

(ग) किसान खेती कर रहा है। (क्रियापद छाँटकर लिखिए) 1

प्रश्न 4) रिक्त स्थानों की पूर्ति अव्यय पदों से कीजिए :–

(क) बच्चा चाँद की ...................... देख रहा है। 1

(ख) सभ्यता .................... संस्कृति एक दूसरे के पूरक हैं। 1

(ग) हवा ................. बह रही है। 1

(घ) वह ..................... आलोचना ही करता है। 1

प्रश्न 5) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :–

(क) रचना की दृष्टि से वाक्य के तीनों भेदों के नाम लिखिए। 1

(ख) सूर्योदय हुआ और उजाला छा गया। (यह किस प्रकार का वाक्य है?) 1

(ग) कलाकार मूर्ति गढ़ता है। (कर्मवाच्य में बदलें) 1

(घ) मुझसे चला नहीं जाता। (भाववाच्य में बदलें) 1

प्रश्न 6) निर्देशानुसार उत्तर दीजिए :–

(क) 'लोकतंत्र' का समास विग्रह कीजिए। 1

(ख) 'यथासंभव' कौन समास है? 1

(ग) बहुव्रीहि समास का एक उदाहरण दीजिए। 1

(घ) 'अंबर' के दो भिन्न अर्थ लिखें। 1

## खण्ड – ग (पाठ्य पुस्तकें : 30 अंक)

प्रश्न 7) निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर दिए गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए

पूरी बात तो अब पता नहीं, लेकिन लगता है कि देशके अच्छे मूर्तिकारों की जानकारी नहीं होने और अच्छी मूर्ति की लागत अनुमान और उपलब्ध बजट से कही बहुत ज्यादा होने के कारण काफी समय ऊहापोह और चिट्ठी पत्री में बरबाद हुआ होगा और बोर्ड की शासनावधि समाप्त होने की घड़ियों में किसी स्थानीय कलाकार को ही अवसर देने का निर्णय किया गया होगा और अंत में कस्बे के इकलौते हाई स्कूल के इकलौते ड्राइंग मास्टर – मान लीजिए मोतीलाल जी को ही यह काम सौप दिया गया होगा, जो महीने भर में मूर्ति बनाकर पटक देने का विश्वास दिया रहे थे।

प्रश्न (क) छोटे कस्बे में सार्वजनिक निर्माण में प्रायः कौन सी समस्याएँ आती हैं? 2

(ख) स्थानीय कलाकार से मूर्ति बनवाने का क्या कारण रहा होगा? 2

(ग) यह गद्यांश किस पाठ का है? 1

**<u>अथवा</u>**

आज पीछे मुड़कर देखती हूँ तो इतना तो समझ में आता ही है क्या तो उस समय मेरी उम्र थी और क्या मेरा भाषण रहा होगा। यह तो डॉक्टर साहब का स्नेह था जो उनके मुँह से प्रशंसा बनकर बह रहा था या यह भी हो सकता है कि आज से पचास साल पहले अजमेर जैसे शहर में चारों ओर से उमड़ती भीड के बीच एक लड़की का बिना किसी संकोच और झिझक के यों धुआँधार बोलते चले जाना ही उसके मूल में रहा हो। पर पिता जी कितनी तरह के अंतर्विरोधों के बीच जाते थे वे । एक ओर 'विशिष्ट' बनने और बनाने की प्रबल लालसा तो दूसरी ओर अपनी सामाजिक छवि के प्रति भी उतनी ही सजगता।

प्रश्न (क) यहाँ किस डॉक्टर साहब का जिक्र है और उन्होंने किसकी प्रशंसा की ? 2

(ख) लेखिका के पिताजी कितनी तरह के और किन–किन अंतर्विरोधों के बीच जी रहे थे ? 2

(ग) इस गद्यांश की लेखिका का नाम लिखिए। 1

प्रश्न : 8 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए :– 2X4 = 8

(क) बालगोबिन भगत की वेशभूषा कैसी थी ?

(ख) 'लखनवी अंदाज' पाठ के शीर्षक के औचित्य पर प्रकाश डालिए।

(ग) फादर की उपस्थिति देवदार की छाया जैसी क्यों लगती थी ?

(घ) काशी में हो रहे कौन–से परिवर्तन विस्मिल्ला खाँ को व्यथित करते थे ?

प्रश्न : 9 निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।

हमारैं हरि हारिल की लकरी।
मन क्रम बचन नंद–नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी।
जागत सोवत स्वप्न दिवस – निसि, कान्ह–कान्ह जक री।
सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यों करूई ककरी।
सु तौ व्याधि हमकौं लै आए, देखी सुनी न करी।
यह तौ 'सूर' तिनहिं लै सौंपौ, जिनके मन चकरी।

(क) गोपियाँ अपने हरि की तुलना हारिल की लकड़ी से क्यों करती हैं ? 2

(ख) गोपियों की मनोदशा का वर्णन कीजिए। 2

(ग) गोपियाँ योग की तुलना किससे करती है ? 1

**अथवा**

विकल विकल उन्मन थे उन्मन
विश्व के निदाघ के सकल जन,
आए अज्ञात दिशा से अनंत के धन।
तप्त धरा, जल से फिर
शीतल कर दो –
बदल, गरजो।

(क) कौन विकल और अनमने थे तथा क्यों? 2

(ख) कवि बादल को गरजने के लिए क्यों कह रहे है? 2

(ग) इस पद्यांश में किन–किन शब्दों की पुनरूक्ति हुई है? 1

प्रश्न : 10 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर संक्षेप में दीजिए : 2X4 = 8

(क) परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन कौन से तर्क दिए?

(ख) बच्चे की मुस्कान और एक बड़े व्यक्ति की मुस्कान में क्या अन्तर है?

(ग) माँ को अपनी बेटी 'अंतिम पूँजी' क्यों लग रही थी?

(घ) संगतकार जैसे व्यक्ति संगीत के अलावा और किन किन क्षेत्रों में दिखाई देते हैं?

प्रश्न : 11 'माता का अँचल' पाठ में माता–पिता का बच्चे के प्रति जो वात्सल्य व्यक्त हुआ है, उसे अपने शब्दों में लिखिए। 4

**<u>अथवा</u>**

जितेन नार्गे की गाइड की भूमिका के बारे में विचार करते हुए लिखिए कि एक कुशल गाइड में क्या गुण होते है?

---

## खण्ड – घ (रचना लेखन : 20 अंक)

---

प्रश्न 12) दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर निम्नलिखित में से किसी एक विषय पर लगभग 250 शब्दों में निबंध लिखें :–

(क) बेरोजगारी की समस्या

(संकेत बिन्दु : भूमिका, अर्थ, कारण दुष्परिणाम, समाधान)

(ख) पर्यावरण प्रदूषण

(संकेत बिन्दु : प्रदूषण का अर्थ, प्रदूषण का कारण, प्रकार, समाधान, निष्कर्ष)

(ग) जीवन में खेलकूद का महत्व :

(संकेत बिन्दु : भूमिका, खेलों से लाभ, खेल हमें विजयी बनाते है, उपसंहार)

प्रश्न : 13 झारखण्ड के किसी ऐतिहासिक स्थल का वर्णन करते हुए अपने मित्र को एक पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

मलेरिया से बचाव हेतु अपने जिले के स्वास्थ्य पदाधिकारी को एक अनुरोध पत्र लिखिए।

प्रश्न : 14 स्टेट बैंक ऑफ इण्डिया की ओर से शैक्षिक ऋण योजना विषय पर एक विज्ञापन लगभग 50 शब्दों में प्रस्तुत कीजिए। 5

**अथवा**

लगभग 50 शब्दों में किसी दर्दनाशक तेल का विज्ञापन तैयार कीजिए।